हिन्दी दैनिक
RNI-BIHHIN/2012/43368

# नवशक्ति

www.navshaktinews.in
navshakti news paper patna

वर्ष : 13, अंक : 293 | पटना, सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

## संक्षिप्त समाचार

### तमंचा लेकर न्यायालय परिसर में घुसा व्यक्ति, 11 पुलिसकर्मी निलंबित

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में कथित तौर पर हत्या के इरादे से तमंचा लेकर एक अभियुक्त के न्यायालय परिसर में घुसने के बाद 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को जिला न्यायालय के गेट नंबर एक पर 6 और गेट नंबर तीन पर 5 पुलिसकर्मी तैनात थे, इस दौरान अभियुक्त हर्षित चिंकारा की गैंगस्टर अधिनियम के तहत पेशी होनी थी।

उन्होंने बताया कि हर्षित अदालत के बाहर टहल रहा था, तभी उसकी हत्या के इरादे से आए एक युवक ने 315 बोर का तमंचा निकाल लिया, लेकिन उसे हमला करने से पहले ही दबोच लिया गया।

झा ने बताया कि आरोपी 22 वर्षीय रिपुल को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि कर्तव्य के पालन में लापरवाही बरतने के आरोप में दोनों गेट पर तैनात 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

### मायावती ने दलों से एक देश एक चुनाव विधेयक का समर्थन करने का किया आग्रह

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें आरक्षण पर नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि जब कांग्रेस नीत संप्रग सत्ता में था, तब उन्होंने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को पदोन्नति में आरक्षण देने वाले विधेयक का विरोध करने के लिए सांठगांठ की थी। मायावती ने एक देश-एक चुनाव का समर्थन करते हुए कहा कि इससे खर्च कम होगा और जनहित के कार्य ज्यादा नहीं रुकेंगे। उन्होंने अन्य दलों से भी इसका समर्थन करने का आग्रह किया। मायावती ने मांग की कि एससी, एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए ताकि इससे किसी भी तरह की छेड़छाड़ को रोका जा सके। नौवीं अनुसूची में सूचीबद्ध केंद्रीय और राज्य कानून न्यायिक समीक्षा से मुक्त हैं। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार संसद में संविधान पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष की तरफ से, खासकर, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने देश के एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के आरक्षण को लेकर काफी कुछ हवा-हवाई बातें कहीं हैं।

# महायुति कैबिनेट का विस्तार, 39 विधायक बने मंत्री

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार को महायुति मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। इस दौरान 39 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार की मौजूदगी में विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गयी। बताया जा रहा है कि आज रात तक विभागों की सूची भी घोषित कर दी जाएगी।



**भाजपा के इन विधायकों ने ली शपथः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रकांत पाटिल, गिरीश महाजन, गणेश नाइक, मंगलप्रभात लोढ़ा, जयकुमार रावल, पंकजा मुंडे, अतुल सावे, अशोक उइके, आशीष शेलार, शिवेंद्रसिंह भोसले, जयकुमार गोरे, संजय सावकरे, नितेश राणे, आकाश फुंडकर, माधुरी मिसाल, पंकज भोयर और मेघना बोर्डिकर ने मंत्री पद की शपथ ली।

**शिवसेना के इन विधायकों ने ली शपथः** शिवसेना के गुलाबराव पाटिल, दादा भुसे, संजय राठौड़, उदय सामंत, शंभूराज देसाई, संजय शिरसाट, प्रताप सरनाईक, भरत गोगावले, प्रकाश अबितकर, आशीष जायसवाल और योगेश कदम ने मंत्री पद की शपथ ली।

राकांपा के इन विधायकों ने ली शपथः राकांपा के हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, दत्तात्रेय भरणे, अदिति तटकरे, माणिकराव कोकाटे, नरहरि झिरवाल, मकरंद जाधव, बाबासाहेब पाटिल और इंद्रनील नाइक ने मंत्री पद की शपथ ली।

## भारत स्वतंत्र, समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्धः सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने क्षेत्रीय स्थिरता और स्वतंत्र, खुले एवं समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। सेना प्रमुख ने जापान में आयोजित थल सेना शिखर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।



शिखर सम्मेलन में जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, फिलीपीन और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों के सेना प्रमुख और वरिष्ठ जनरल ने भाग लिया। अपने संबोधन में जनरल द्विवेदी ने हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सुरक्षा और रणनीतिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित किया और बहुराष्ट्रीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और स्वतंत्र, खुले एवं समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए इसके प्रयास को भी रेखांकित किया। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैन्य गतिविधियां बढ़ने को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच उन्होंने यह टिप्पणी की।

## समाज के सभी वर्गों को मजबूत करके झारखंड को आगे ले जाएंगे : हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार समाज के सभी वर्गों को मजबूत करके प्रदेश को आगे ले जाएगी। सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सभी प्रयास किए हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने मईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को दी जाने वाली मासिक आर्थिक सहायता 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया है। सोरेन साहिबगंज के भोगनाडीह में एक सरकारी समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने यहां साहिबगंज और पाकुड़ जिलों के लिए लगभग 350 करोड़ रुपये की 331 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने दोनों जिलों में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के बीच लगभग 187 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां भी वितरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की जनता ने एक बार फिर अबुआ सरकार को चुना है और राज्य के सम्मान, आदिवासियों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं के विकास तथा जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए वोट दिया है। सोरेन ने कहा, राज्य के खनिज संसाधन देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, लेकिन राज्य के गरीबों, आदिवासियों और मूल निवासियों की जीवनशैली में कोई बदलाव नहीं आया है। झारखंड पिछड़ा हुआ है। हम सब मिलकर पिछड़ेपन के कलंक को मिटाने का काम करेंगे और समाज के सभी वर्गों को मजबूत करके राज्य को आगे ले जाएंगे।



## पराली जलाने के लिए व्यवस्थित समाधान की आवश्यकता हैः उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने शनिवार को पराली जलाने से निपटने के लिए एक व्यवस्थित समाधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ह्यहमारी लापरवाही लोगों के जीवन को खतरे में डालती है।

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी हर साल पराली जलाने से उत्पन्न खतरनाक पर्यावरणीय परिस्थितियों से पीड़ित होती है।

उन्होंने कहा कि समाज को नवाचार को अपनाना चाहिए और इसे व्यक्तियों पर छोड़ने के बजाय एक व्यवस्थित समाधान की तलाश करनी चाहिए। धनखड़ ने कहा, तंत्र को परिपक्व होना चाहिए... हमारी लापरवाही हमें कई तरह से खतरे में डाल रही है। एक तो हमारा स्वास्थ्य। दूसरा, काम के घंटों का नुकसान। तीसरा, सामान्य जीवन में व्यवधान और चौथा, हमें अपने बच्चों का ख्याल रखना होगा।



उन्होंने पराली जलाने के लिए एक व्यवस्थित समाधान खोजने का आह्वान किया और कहा कि इसे व्यक्तियों पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन जैसी खतरनाक समस्या सामाजिक बाधाओं को मिटा देती है। अमीर या गरीब, शहरी या ग्रामीण। हमें एक साथ काम करना चाहिए, या हम एक साथ नष्ट हो जाएंगे।

लोकाचार और पारंपरिक ज्ञान का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने कहा, हमारा सभ्यतागत ज्ञान एक विरासत है, और मैं कहूंगा कि एक तरह से इस जलवायु आपातकाल के लिए उत्तरजीविता मैनुअल, विश्वकोश है। हमारे पास हजारों वर्षों के सभ्यतागत लोकाचार, हमारे वेद, पुराण, हमारे महाकाव्य महाभारत, रामायण और गीता का ज्ञान है। यदि हम उस सोने की खान को देखें, तो हमें वास्तविक प्रेरणा मिलती है कि संरक्षण हमेशा एक महत्वपूर्ण कारक रहा है, जीवन का एक पहलू रहा है।

## विहिप कार्यक्रम में टिप्पणी को लेकर उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष पेश हो सकते हैं न्यायमूर्ति शेखर यादव

**नयी दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक समारोह में कथित तौर पर विवादास्पद बयान देने वाले न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव इस विवाद पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए जल्द ही उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष पेश हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर को बयानों से जुड़ी खबरों का संज्ञान लेते हुए पूरे मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से एक रिपोर्ट तलब की थी।



एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ह्यह्यउच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए भाषण को लेकर समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लिया है। इस बारे में विवरण और ब्योरा उच्च न्यायालय से तलब किया गया है और यह मामला विचाराधीन है।

स्थापित प्रथाओं के अनुसार, जिस न्यायाधीश के खिलाफ किसी विवादास्पद मुद्दे पर शीर्ष अदालत कॉलेजियम द्वारा संबंधित उच्च न्यायालय से रिपोर्ट मांगी जाती है, उसे भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के नेतृत्व वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष अपना पक्ष रखने का एक अवसर दिया जाता है। शीर्ष अदालत के सूत्रों ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को स्थापित प्रथाओं के अनुसार उपस्थित होने और अपना पक्ष रखने के लिए कहा जा सकता है। न्यायमूर्ति यादव ने आठ दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में कहा था कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है।

## पंजाब पुलिस ने केजेडएफ आतंकी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, तीन लोग गिरफ्तार

**पंजाब।** पंजाब पुलिस ने दावा किया कि उसने खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर उसके तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने के साथ ही ग्रेनेड हमले का मामला सुलझा लिया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान मोहल्ला काजियान निवासी युगप्रीत सिंह उर्फ युवी, मोहल्ला जगोतेयां निवासी जसकरण सिंह उर्फ शाह और राहों के दुग्गलान मोहल्ला निवासी हरजोत सिंह उर्फ जोत के रूप में की गयी है।




डीजीपी ने बताया कि पुलिस टीमों ने आरोपियों के पास से दो हथियार - एक देशी पिस्तौल और एक रिवॉल्वर के साथ-साथ छह कारतूस भी बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि ये गिरफ्तारियां दो सप्ताह से भी कम समय में की गई हैं, जब कुछ लोगों ने दो दिसंबर को नवांशहर के काठगढ़ पुलिस थाने के अंतर्गत पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला कर दिया था। डीजीपी ने कहा कि तीनों केजेडएफ आतंकी मॉड्यूल के सदस्य हैं, जिन्हें जर्मनी, ब्रिटेन और अन्य देशों में बैठे हैंडलरों (संचालकों) द्वारा नियंत्रित किया जाता है। उन्हें पंजाब और हरियाणा में पुलिस प्रतिष्ठानों और अल्पसंख्यक नेताओं को निशाना बनाने का काम सौंपा गया था। मॉड्यूल को पिछले छह महीनों में कथित तौर पर 4.5 लाख रुपये का वित्तपोषण मिला था।

## भाजपा और उसके सहयोगी विज्ञापनों पर जनता का पैसा खर्च कर रहे : तेजस्वी यादव

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने भाजपा के इस दावे पर कटाक्ष किया कि एक देश, एक चुनाव से चुनावी खर्च में कमी आएगी और साथ ही भाजपा एवं उसके सहयोगियों पर विज्ञापनों पर जनता का पैसा खर्च करने का आरोप लगाया।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग से राज्य का आगामी विधानसभा चुनाव एक ही चरण में कराने की मांग की, जैसा पहले भी होता रहा है। दरभंगा में प्रेसवार्ता के दौरान जब पत्रकारों ने राजद नेता से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक के बारे में पूछा तो उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, मौजूदा स्वरूप में चुनाव कराने में क्या समस्या है?



जब उनसे कहा गया कि केंद्र की भाजपा सरकार का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से इस पर होने वाले खर्च में कमी आएगी, तो तेजस्वी ने पलटवार करते हुए कहा, और विज्ञापनों का क्या? भाजपा को प्रचार पसंद है। उन्होंने आरोप लगाया, बिहार जैसे गरीब राज्य में भी सरकार विज्ञापनों पर पैसे लुटाती है। जरा पता लगाइए कि राजग ने 20 साल पहले राज्य में सत्ता में आने के बाद से लेकर और केंद्र में अपने 11 साल के शासन के दौरान प्रचार पर कितना पैसा खर्च किया है। तेजस्वी ने कहा, बिहार में एक ही चरण में चुनाव होना चाहिए क्योंकि पहले भी ऐसा ही होता था। निर्वाचन आयोग को इसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए क्योंकि बिहार के साथ किसी दूसरे राज्य में चुनाव नहीं होना है।

## मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा कर देगी केंद्र सरकारः अमित शाह

**रायपुर।** शाह ने नक्सलियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति की भी सराहना की और उनसे हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा, 'राज्य नेतृत्व, मुख्यमंत्री, राज्य के गृह मंत्री ने संकल्प लिया है और भारत सरकार भी आपके संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध है। हम सब मिलकर 31 मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। हम सब 31 मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के चंगुल से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करना राज्य पुलिस का संकल्प है।



शाह ने कहा कि राष्ट्रपति कलर अवार्ड सिर्फ एक पुरस्कार नहीं है, यह सेवा, समर्पण और बलिदान का प्रतीक है और यह पुलिस को जिन अनगिनत चुनौतियों से निपटना है, उनकी याद दिलाता है। गृह मंत्री ने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगी और अपने कर्तव्य से कभी पीछे नहीं हटेगी।

शाह ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि कल से छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान अपनी वर्दी पर यह प्रतीक चिन्ह लगाकर निकलेंगे तब उनका मनोबल कई गुना बढ़ जाएगा।' उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।राज्य में पिछले एक साल में 287 नक्सलियों को मार गिराया गया, करीब एक हजार को गिरफ्तार किया गया और 837 ने आत्मसमर्पण किया, जो नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में आई तेजी को दशार्ता है। राज्य में पिछले एक साल में (नक्सलियों के) 14 शीर्ष कैडर को मार गिराया गया।'

शाह ने कहा कि चार दशकों में पहली बार नक्सली हिंसा में नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौत की संख्या 100 से कम हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में पूरे देश में नक्सलवाद पर अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों की (उससे पहले के 10 सालों का) तुलनात्मक विश्लेषण दिखाता है कि माओवादी हिंसा में सुरक्षाकर्मियों की मौत में 73 प्रतिशत और नागरिकों की मौत में 70 प्रतिशत की गिरावट आई है।

शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस देश के विभिन्न सुरक्षा बलों के साथ मिलकर नक्सलवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की तैयारी कर चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील भी की। उन्होंने कहा, 'मैं नक्सलियों से अपील करना चाहूंगा कि राज्य सरकार ने बहुत अच्छी आत्मसमर्पण नीति बनाई है, इसलिए उन्हें हिंसा छोड़ देनी चाहिए। उन्हें मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए, विकास के पथ पर आगे बढ़ना चाहिए और छत्तीसगढ़ के विकास में भी योगदान देना चाहिए।'

# स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया अखंड ज्योति लैब्स का शुभारंभ

**पटना।** सारण के मस्तीचक स्थित अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल ने अपने महत्वाकांक्षी विजन 2030 की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, अखंड ज्योति लैब्स का शुभारंभ किया, जिसका उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय के हाथों संपन्न हुआ। यह अत्याधुनिक नेत्र अनुसंधान प्रयोगशाला नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में शोध और साक्ष्य आधारित सेवाओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर, बिहार सरकार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय जी ने मुख्य अतिथि के रूप में अखंड ज्योति के प्रयासों की सराहना की और कहा, ह्ययह प्रयोगशाला बिहार के नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति लाने का काम करेगी और इसे पूरे देश में एक उदाहरण के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार का आभार व्यक्त करता हूं, जो स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से राष्ट्र की सेवा को संकल्पित हैं। इनके द्वारा सुदूर देहात में 500 बेड का यह अस्पताल सराहनीय है, जिसका लाभ ना सिर्फ बिहार बल्कि दूसरे प्रदेशों के लोगों को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज मुझे इस अस्पताल में नए लैब के उद्घाटन का सौभाग्य मिला है। यहां यकीनन बेहतर परीक्षण होगा और यह अस्पताल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य समाज के सपने पर खड़ा उतरने का काम कर रहा है। साथ ही यहां आयुष्मान योजना का भी लाभ गरीबों को मिल रहा है ह्व उद्घाटन के उपरांत माननीय मंत्री ने इस क्षेत्र में आई सेंटर स्थापित करने का भी सुझाव दिया और कहा कि



इसमें जो भी मदद की जरूरत होगी, उसके लिए बिहार सरकार तत्पर है। आपको बता दें कि अखंड ज्योति लैब्स में मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, माइक्रो बायोलॉजी, हिस्टोपैथोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और हेमेटोलॉजी जैसी उन्नत परीक्षण सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यह प्रयोगशाला नेत्र स्वास्थ्य में साक्ष्य आधारित उपचार को बढ़ावा देगी और विजन 2030 के तहत हर साल 50 शैक्षणिक शोध पत्र प्रकाशित करने की क्षमता विकसित करेगी। पिछले सप्ताह अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल ने अपने ऐतिहासिक विजन 2030 की शुरूआत की थी, जिसका उद्देश्य है बिहार को अंधता मुक्त बनाना और लाखों लोगों की आँखों की रोशनी लौटाना। उस अवसर पर गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी की 50 फीट ऊँची जागृत प्रतिमा का अनावरण भी किया गया था।

अखंड ज्योति लैब्स विजन 2030 के उन लक्ष्यों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम बनेगी, जिनमें उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र स्वास्थ्य सेवाएँ, साक्ष्य आधारित उपचार और नेत्र अनुसंधान को बढ़ावा देना शामिल है। अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के इस प्रयास का उद्देश्य न केवल बिहार के नेत्र स्वास्थ्य में सुधार लाना है, बल्कि इसे पूरे देश के लिए एक उदाहरण बनाना है। इस लैब के माध्यम से नेत्र स्वास्थ्य अनुसंधान को नई दिशा दी जाएगी और ग्रामीण बिहार को विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

# राजपा ने मनाया सरदार पटेल की पुण्यतिथि

**पटना।** राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय पटना में सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय उपेंद्र सहनी ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात प्रांत के नाडियाड में हुआ था। वे भारत के एक स्वतंत्रता सेनानी अधिवक्ता तथा राजनेता थे। उन्हें सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम से जानते हैं। उन्होंने भारत के पहले उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता थे जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई। स्वतंत्र भारत में देशी रियासतों के एकीकरण की महान चुनौती को उन्होंने सफलता पूर्वक हल किया। 1947 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान गृह मंत्री के रूप में



काम किया। इस मौके पर पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष संतोष चौहान ने कहा कि उनको भारत स्वतंत्र होने के बाद अगर प्रथम प्रधानमंत्री बनाया गया होता तो हमारा देश अमेरिका ,चीन एवं रूस से भी आगे रहता। लेकिन अंग्रेजों की नीति, महात्मा गांधी के फैसला एवं जवाहरलाल नेहरू के जिद के कारण उनको प्रधानमंत्री नहीं बनाया गया। उनकी मृत्यु आज ही के दिन 15 दिसंबर 1950 को मुंबई में 75 साल के उम्र में हो गई। इस मौके अशोक सिंह निषाद,डॉ राजकुमार सिंह निषाद, पर राष्ट्रीय सलाहकार प्रभात वर्मा, सचिन साहनी, राजकुमार पासवान, श्रवण पासवान, सचिन सहनी ,नंदकिशोर चौधरी, बिंदु सहनी इत्यादि लोगों पर स्थित थे।

# राज्यपाल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया

**पटना , ( संवाददाता)।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटेल चौक (चितकोहरा रेलवे पुल के उत्तरी गोलम्बर), पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, अन्य मंत्रीगण तथा गणमान्य लोगों ने भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी की गई।



# 2025 में रोड मैप बना कर कार्य करेगी पार्टी

**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से० के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री वर्तमान टेकारी विधायक डॉ अनिल कुमार जी के अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय 12ट स्टैंड रोड पटना में जिला अध्यक्षों,जिला प्रभारियों,प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आयोजित किया गया ।मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन उपस्थित थे।

अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ अनिल कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते है और ये कार्यकर्ता सदस्यता अभियान से ही मिलते है ।सदस्यता महाअभियान के तहत दिसम्बर तक का 10 लाख सदस्य बनाना था जो कि पार्टी अपने लक्ष्य के करीब पहुंच चुकी है ।बीच में उपचुनाव आने और लगन होने के कारण थोड़ा




प्रभावित हुआ है इस कारण सदस्यता महाअभियान का तिथि बढ़ा कर 31 जनवरी किया जा रहा है और हमें आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि 31 जनवरी तक लक्ष्य के बहुत आगे पहुंच जाएगा।

आगे डॉ अनिल कुमार ने कहा कि जो जिला सम्मेलन होगा ओ वही पर होगा जो उस जिला में मजबूत विधान सभा हो।

आज बैठक के मुख्य अतिथि और पार्टी के राष्ट्रीयध्यक्ष बिहार सरकार के मंत्री माननीय संतोष कुमार सुमन जी ने कहा कि इसी तरह से सबका सामूहिक प्रयास रहा तो पार्टी की विचार धारा और धारदार होगा।आने वाला साल 2025 में रोड मैप तैयार कर के कार्य करना होगा और एक लक्ष्य बना कर,जिससे आने वाले समय में पार्टी बिहार में एक विकल्प के रूप हो।

आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष ने लोजपा(पारस) महिला प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्मिता शर्मा को उनके सैकड़ो समर्थकों के साथ सदस्यता दिलाई।

आज कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडे,बीरेंद्र सिंह,श्याम सुन्दर शरण, निलेश जी,रंजन सिंह, कमालुद्दीन जी,रणजीत चंद्रवंशी, प्रफुल्ला चंद्र राधेश्याम जी, कमल परवेज, गीता पासवान, रोमित सिंह, नंदलाल मांझी,राजन सिद्दकी, अविनाश कुमार,विजय यादव, रत्नेश पटेल,शंकर मांझी, शंकर राम,शकील हाशमी,रविंद्र शास्त्री, अनिल रजक,श्रवण कुमार, दत्तात्रे शर्मा,शकील हाशमी, राकेश यादव,महेंद्र सदा,सुनील शाह,नारायण मांझी, संकेत मिश्रा,राकेश सिंह, अभिषेक पांडे, रणविजय पासवान, सूर्य सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### विकसित भारत' के लिए माइलस्टोन हैं पीएम मोदी के 11 संकल्प : प्रभाकर

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा में संविधान पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए जो 11 संकल्प बताएं, वे संकल्प 'विकासित भारत' की दिशा में माइलस्टोन हैं। इन 11 संकल्पों में भारत को विश्वगुरु बनने का दर्शन समाहित है। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पीएम मोदी ने संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए इंडी गठबंधन को बता दिया कि वे भारत को किस स्वरूप में और कितनी ऊंचाई पर देखना चाहते हैं। पीएम मोदी के संकल्पों में संविधान की रक्षा से लेकर परिवारवाद से मुक्ति तक की बातें निहित है। ये संकल्प स्वर्णिम भारत के लिए हैं। श्री मिश्र ने कहा कि अपने संकल्पों में सभी लोगों से अपने कर्तव्यों के पालन करने का आह्वान किया है। साथ ही लोगों से अपील की है कि भ्रष्टाचारियों को सामाजिक स्वीकृति न मिले। पीएम मोदी के इन संकल्पों से इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचारियों की नींद उड़ गई है। क्योंकि यह तय है कि जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही मोदी सरकार में भ्रष्ट लोगों की खैर नहीं है। इन संकल्पों से देश के लोगों को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति मिलेगी और देश की विरासत पर गर्व होगा।

### फिल्मकार राजेश राज सम्मानित, वक्ता बोलीं : सिनेमा में बढ़ी है स्त्रियों की भूमिका

**पटना।** पटना पुस्तक मेले में चल रहे दस दिवसीय फिल्मोत्सव 'सिनेमा–उनेमा बाकरगंज' के नौवें दिन रविवार को फिल्मकार राजेश राज को सम्माति किया गया। पटना पुस्तक मेला के संयोजक अमित झा ने फिल्मकार को प्रशस्ति-पत्र, प्रतीक चिह्न, पौधा आदि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजेश राज ने पिछले 32 वर्षों से जारी अपनी फिल्मी यात्रा की चर्चा की। मुख्य वक्ता दिव्या गौतम ने 21वीं सदी के सिनेमा में स्त्री विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि पिछले 100 सालों में सिनेमा में स्त्रियों की भूमिका में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। सिनेमा की शुरूआत में जहां महिला पात्रों की भूमिका भी पुरुष कलाकार द्वारा निभाए जाते थे वहीं अब महिलाएं न केवल हर प्रकार की भूमिकाएं निभा रही हैं बल्कि अब महिला पात्रों को ध्यान रखकर कहानियां लिखी जा रही हैं। इससे भी बढ़कर अब कैमरे के पीछे महिलाओं की भूमिका बढ़ी है। अब वे फिल्म लेखन से लेकर निर्देशन और सिनेमैटोग्राफी से लेकर एडिटिंग तक में महिलाएं मुख्य भूमिका में हैं। इससे पूर्व पटना पुस्तक मेला के संयोजक अमित झा ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिव्या गौतम को प्रतीक चिह्न, तुलसी पौधा आदि देकर सम्मानित किया। इस दौरान फिल्म कार्बन दिखायी गई। कार्यक्रम का संयोजन रंगकर्मी कुमार रविकांत व मंच संचालन फिल्म समीक्षक प्रशांत रंजन ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म समीक्षक विनोद कुमार, फिल्म विश्लेषक प्रो. जय देव, वरीय रंगकर्मी नीलेश्वर मिश्र, मिथिलेश सिंह , फिल्मकार अंजनी सिंह, फिल्म समीक्षक डॉ. कुमार विमलेंदु सिंह, सांस्कृतिकर्मी बरुण सिंह (बिहार बीजेपी अध्यक्ष, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ)समेत जनसंचार के विद्यार्थी एवं सिने प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सीपीएम राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि का चयन

**पटना।** सीपीएम पटना जिला सम्मेलन के बाद बैठक में स्वागताध्यक्ष ट्रेड यूनियन नेता बी प्रसाद ने आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दरभंगा में 22- 24 दिसम्बर को आयोजित राज्य सम्मेलन में पटना जिला से राज्य कमिटी सदस्य मनोज कुमार चंद्रवंशी, जिला सचिव शिव कुमार विधार्थी, सरिता पांडे, सोने लाल प्रसाद, सुजीत कुमार, राजेश्वर प्रसाद का प्रतिनिधि का चयन किया गया ! कॉमरेड बी प्रसाद ने कहा कि पटना जिला में शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार महिला के सुरक्षा के सवाल पर आंदोलन को तेज किया जायेगा ! मुख्यमंत्री का महिला संवाद यात्रा एक तरह से महिलाओं को ठगने का यात्रा है, जबकि महिलाओं पर दमन आज भी जारी है ! राज्य में महिला सुरक्षित नहीं है, हर जगह अत्याचार, बलात्कार की घटना में वृद्धि हो रही है ! पार्टी संगठन और जन संगठन को मजबूत करने के जिला स्तर पर बैठक आयोजित कराने का फैसला लिया गया !

# विद्यापति भवन में हुआ ब्राह्मण कुंभ का आयोजन ,देशभर के ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

**पटना।** आज पटना के विद्यापति भवन सभागार में राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा,परशुराम सेवा संस्थान द्वारा राजस्तरीय माननीय ब्राह्मण कुंभ का आयोजन संगठन के राष्ट्रीय संयोजक सह प्रदेश अध्यक्ष ई आशुतोष झा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । ब्राह्मण कुंभ का उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आए बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ,दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर , इंदौर के ऋषि भावेशानंद जी महाराज ,अयोध्या धाम के विनय चेतना शास्त्री,नम्रता ब्रह्मवादिनी ,राजद विधान परिषद सदस्य अशोक पांडे ,अर्जित सास्वत चौबे,डॉ बी झा मिरनाल,रिटायर्ड डीआईजी अरविंद ठाकुर आदि ने दीप प्रज्वलन कर लिया । इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे




ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा सर्वश्रेष्ठ रहा है, हमें अपने कर्तव्य को नहीं भूलनी चाहिए ब्राह्मण है तो सनातन है. समाज हमेशा स्नातन संस्कृति और राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने का कार्य करते आ रही है। हमे अपनी एकता को मजबूत कर समाज के कल्याण के लिए और मजबूती से आगे बढ़ कार्य करना चाहिए ।सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा की समाज मार्ग से भटके नहीं इंजीनियर आशुतोष झा जी प्रशंसा के पात्र है इन्होंने अपना सर्वस्व जीवन ब्राह्मण समाज के लिए अर्पित किया है हम सभी को इनका सहयोग करना चाहिए अशोक पांडे एमएलसी ने कहा राजनीति से हटके अपने समाज के बीच में जानी चाहिए. भारत के कोने-कोने से आए हुए ब्राह्मण समाज के संगठन के पदाधिकारीयो ने समस्त ब्राह्मणों से अपील किया के आप सभी संगठन को मजबूत करें ताकि हमारे आवाज देश-विदेश तक पहुंचे।

कार्यक्रम के धन्यवाद ज्ञापन देते हुए इंजीनियर आशुतोष झा ने बताया के जाने बताया की इस कुंभ के उपरांत ब्राह्मण समाज के और राष्ट्र की एकता और अखंडता स्नातन की मजबूती को लेकर एक ज्ञापन विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को लिखित रूप से देने का कार्य करेंगे जिसके लिए समय की मांग भी की गई है । वही मौके पर संगठन के प्रदेश प्रवक्ता रजनीश तिवारी ,सोना झा,अभिनंदन पांडे,ई०आलोक झा ,गोविंद मिश्रा ,अनिकेत रंजन ,आयुष तिवारी अमितेश झा आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहें ।

# द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देख कर भावुक हुए हिंदू शिवभवानी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष लव कुमार सिंह और प्रधान महासचिव नरेश महतो



**पटना।** हिंदू शिवभवानी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष लव कुमार सिंह उर्फ रुद्र और प्रधान महासचिव नरेश महतो 51 छात्र और युवा सनातनियों के साथ पटना के पीएन मॉल के सिनेपॉलिस सिनेमाघर में द साबरमती रिपोर्ट मूवी देखने पहुंचे ! फिल्म देखने के बाद हिंदू शिवभवानी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष लव कुमार सिंह उर्फ रुद्र और प्रधान महासचिव नरेश महतो नें संयुक्त रुप से कहा द साबरमती रिपोर्ट फिल्म इतिहास के भयावह सत्य को उजागर करने के जो प्रभावशाली प्रयास किया है वह सराहनीय है फिल्म के जरिए गोधरा की सच्चाई सबके सामने आई हैं ! जिसे समाज के सामने आने मे 22 साल से ज्यादा वक्त लग गया ! बिहार के सभी हिंदू सनातनियों से आग्रह है की वे अपने परिवार के साथ इस फिल्म को अवश्य देखे ! फिल्म देखने के बाद हिंदू शिवभवानी सेना के कार्यकताओं ने भारत माता की जय के नारे भी लगाए ! इस दौरान हिंदू शिव भवानी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रंजन ओझा , महासचिव अमित कश्यप, गोल्डेन हिंदू , सिंह साहब, मनोरंजन सिंह , सौरभ कुमार, निशात सिंह इत्यादी लोग मौजूद थे !

# फेडेरेशन के महासचिव निलेश पवार ने बैंक अधिकारियों से एकजूटता बनाते हुए अपने मांगों के लिए दबाव बनाने की अपील की

**पटना।** बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन, बिहार इकाई का क्लस्टर मीटिंग आज पटना के फ्रेजर रोड स्थित होटल सम्राट के सभागार मे संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता बिहार इकाई के अध्यक्ष डॉ अच्युतानंद एवं संचालन रश्मि सिंह ने किया। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन्स के राष्ट्रीय महासचिव निलेश पवार ने बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन, बिहार शाखाएं की क्लस्टर मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि आपके एकजुटता का ही आज परिणाम है कि आप अधिकारियों के लिए कई मांगो को बैंक प्रबंधन ने मान लिया है। पांच दिनों का सप्ताह का मांग भी जल्द पूरा होगा। हम सब के एकजूटता का ही परिणाम है कि प्रबंधन ने जहां आवास ऋण के सीमा को बढ़ाया तथा अध्जिकारियों के हाउस लीज की सुविधा भी बढ़ाई गई है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण योजना मद की राशि पंद्रह से तिरसठ करोड़ कर दी गई। आधे दिन कि आकस्मिक अवकाश की स्वीकृत के साथ-साथ होटल लॉजिंग की सीमा में भी बढ़ोतरी हो गई है। जल्द ही बचे अन्य मांगों की पूर्ति भी करा लिया जाएगा। आज जरूरत है कि हम अधिकारी बैंक एवं अपने परिवार के साथ साथ अपने ग्राहकों के प्रति भी जिम्मेवार हो। उन्होंने इस अवसर पर पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह के प्रति भारत सरकार के उदासीन रवैये और अभी तक कोई निर्णय नहीं



लिए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की तथा बैंक अधिकारियों से आग्रह किया कि इस मांग को पूरा करवाने के लिए उन्हें हर स्तर पर हर समय तैयार रहने की आवश्यकता हैकहमें हड़ताल पर जाने की भी जरुरत पड़ सकती है। आम सभा को संबोधित करते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन, बिहार व झारखण्ड के महासचिव व ए.आई.बी.ओ.सी., बिहार इकाई के महासचिव श्री अमरेश विक्रमादित्य ने बैंक अधिकारियों का आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करते हुए अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए बैंक अधिकारी संघों के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलनों में अपनी भूमिका प्रदान करे। एकजुटता के बल पर ही हम अपनी जायज हक को प्राप्त कर सकते हैं।

बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन बिहार इकाई के महासचिव गणेश कुमार पाण्डे ने कहा कि बिहार के बैंक अधिकारी अपने हक और हकूक के लिए देश के बैंक अधिकारियों के हर आंदोलन में आगे बढ़कर साथ देते है। आज ए०आई०बी०ओ०सी० के बैनर के अंतर्गत ट्विटर एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से देश के समस्त अधिकारियों की आवाज सफलतापूर्वक उठाया जा रहा हैकआज जरूरत है, हमें सोशल मीडिया मंच पर काफी सोच-विचार के पश्चात ही अपने विचार व्यक्त करनी चाहिए ताकि इसका असर व्यापक हो। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य जीवन का संतुलन अधिकारियों के लिए एक महान उपलब्धि हैक हमारे लिए यह संतोष का विषय है कि इससे सदस्यों के जीवन में जबरदस्त बदलाव आ रहा है क

अपने अध्यक्षीय संबोधन में बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन, बिहार शाखाएँ के अध्यक्ष डॉ अच्युतानंद ने कहा कि राष्ट्र के आर्थिक ढाँचे को मजबूती प्रदान करने वाले कारको में बैंक का स्थान सर्वोपरि है। पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह के प्रति भारत सरकार के उदासीन रवैये और अभी तक कोई निर्णय नहीं लिए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की तथा बैंक अधिकारियों से आग्रह किया कि इस मांग को पूरा करवाने के लिए उन्हें हर स्तर पर हर समय तैयार रहने की आवश्यकता हैकहमें हड़ताल पर जाने की भी जरुरत पड़ सकती हैकहम सब अधिकारियों को राष्ट्र के ढांचा को मजबूत करने के लिए एकजूट रहकर अपने को आगे बढायें।

# भ्रष्टाचार, जंगलराज और परिवारवाद से है विपक्ष की पहचानः ललन कुमार सर्राफ

**दरभंगा (संवाददाता)।** रविवार को दरभंगा जिला अंतर्गत लहेरियासराय पोलो मैदान में बिहार प्रदेश जनता दल (यू0) द्वारा जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। इसकी अध्यक्षता एवं संचालन दरभंगा के जिला अध्यक्ष गोपाल मंडल ने की। उक्त मौके पर बिहार विधान परिषद के उपनेता एवं जदयू के प्रदेश कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, मंत्री मदन सहनी, मंत्री श्रीमती लेसी सिंह, मंत्री रत्नेश सदा, विधायक विजय सिंह निषाद, माननीय विधायक श्री अमन भूषण हजारी, विनय चौधरी, विधान परिसद के पूर्व उपसभापति जनाब सलीम परवेज, पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी, पूर्व विधानपार्षद सह पूर्व प्रमंडलीय प्रभारी भूमिपाल राय, पूर्व विधानपार्षद दिलीप चौधरी, प्रदेश महासचिव वासुदेव कुशवाहा, महानगर जिला अध्यक्ष माधव झा मौजूद रहे।

इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि मीडिया चैनलों द्वारा लोकसभा चुनाव से पूर्व हमारे दल के विषय में तरह-तरह के नैरेटिव गढ़े जाते थे और लोगों में भ्रम फैलाया जाता था लेकिन चुनाव परिणाम ने सभी के जुबान पर ताला जड़ दिया। जब भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर षड्यंत्र के तहत सवालिया निशान खड़ा किया जाता है तब-तब हमारे नेता नए रूप में उभर कर सामने आते हैं क्योंकि जनता का अशीर्वाद उनके साथ है। नीतीश कुमार ने ईमानदारी से बिहार का विकास किया है। आगे उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पहल से राज्य के दूसरे एम्स के लिए दरभंगा का चयन हुआ और इसका निर्माण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम साबित होगा। उत्तर बिहार के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को इसका खासा लाभ मिलने वाला है। साथ ही उन्होंने कहा कि उड़ान योजना तहत बनने वाले एयरपोर्ट में सबसे सफल एयरपोर्ट दरभंगा का है और आने वाला 5 साल दरभंगा के विकास के लिए अहम होगा। उन्होंने कहा कि बिहार का सर्वांगीण विकास डबल इंजन की एनडीए सरकार की पहली प्राथमिकता है और हम अपने लक्ष्य को हासिल करने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। केन्द्रीय बजट में भी बिहार के विकास को विशेष महत्व दिया गया। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता का स्पष्ट मानना है कि भारत का विकास बिहार के बिना संभव नहीं है और बिहार का विकास दरभंगा के बिना संभव नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि गत 19 वर्षों के कार्यकाल में हमारे नेता ने प्रदेश की तस्वीर बदली है और दूरदर्शी सोच से सामाजिक न्याय के साथ विकास की लंबी लकीर खींचने का काम किया। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मानवीय आवश्यकताओं से जुड़े मूलभूत संरचनाओं के क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम आप सबों के बीच यह अपील करने आए हैं कि 2025 चुनाव की तैयारी में अब जोर-शोर से जुट जाना है और गलत मंसूबे पालने वाली विपक्षी पार्टियों को सबक सिखाना है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिन्होंने बेजुबान पशुओं का चारा लूटकर अपना तिजोरी भर लिया और नौकरी के नाम पर गरीबों का जमीन हड़प लिया, वो आज महिलाओं को झूठा झांसा देकर बरगलाना चाहते हैं। वास्तविकता यह है कि राजद के शासन में चारों तरफ सत्ता पोषित गुंडों का बोलबाला था और बहन-बेटियां स्कूल-कॉलेज जाने के नाम पर सहम जाती थीं।

बिहार विधान परिषद में उपनेता ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि देश-दुनिया में हमारे नेता की पहचान सुशासन और विकास से होती है, जबकि विपक्ष की




एकमात्र पहचान भ्रष्टाचार, जंगलराज और परिवारवाद से है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार की बदहाल और बदतर स्थिति जगजाहिर है। राजद के काले कारनामों से प्रदेश पर बीमारू राज्य का ठप्पा लग गया था लेकिन माननीय मुख्यमंत्री ने अपने कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और अद्भुत कार्य-क्षमता से प्रदेश का सर्वांगीण, समावेशी और समुचित विकास किया है। प्रदेश में आज डबल इंजन की सरकार के कारण बिहार को 60 हजार करोड़ का विशेष पैकेज मिला है। इससे विकास की गति और तेज होगी।

मंत्री मदन सहनी ने कहा कि हमारी सरकार केवल काम में विश्वास रखती है जबकि विपक्ष का एकमात्र काम झूठ और दुष्प्रचार फैलाना है। 15 सालों के शासन में राजद की सरकार ने बिहार को लूटने का काम किया और युवाओं- व्यवसायियों को पलायन करने पर विवश किया। मंत्री ने कहा कि राजधानी पटना जैसा विकास दरभंगा में भी देखने को मिल रहा है और यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शिता का परिणाम है।

मंत्री श्रीमती लेसी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल में सभी जाति और धर्म के मानने वाले लोगों का विकास किया है। राजद की सरकार ने कभी महिलाओं के हित में कोई काम नहीं किया लेकिन उनके नेता अनाप-शनाप बोलकर महिलाओं को अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। हमारे नेता माननीय मुख्यमंत्री ने कई योजनाएं चलाकर आधी आबादी को सबल बनाया है।

मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अनुसूचित जाति और जनजाति समाज को विकास की मुख्यधारा में जोड़ा और राजनीतिक सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित कराकर उन्हें उचित मान-सम्मान दिलाया। आगे उन्होंने कहा कि भागलपुर दंगे का मुख्य आरोपी राजद की सरकार में खुला घूमता था लेकिन हमारे नेता ने उसे सजा दिलाने का काम और पीड़ितों को न्याय दिलाया।

## डॉ अवधेश पाण्डे की याद में बनाए गए मातरम एबीएल हीलिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन

**पटना।** प्रदेश जनता दल (यू.) द्वारा वैशाली, मधुबनी, पटना महानगर, सहरसा एवं शिवहर में जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। बिहार सरकार के माननीय मंत्री विजय कुमार चौधरी, माननीय प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव एवं माननीय ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की अध्यक्षता में प्रत्येक टीम में पार्टी के नौ-नौ नेतागण इसमें शामिल हुए।

मधुबनी में आयोजित जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह माननीय राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के तमाम कार्यकर्ता साथी मिशन 2025-लक्ष्य 225 को सकार करने हेतु पूरी तरह से कृतसंकल्पित और समर्पित हैं। कार्यकर्ता सम्मेलनो में उमड़ रहा जनसैलाब हमारी पार्टी के लिए अच्छे संकेत है और निश्चित ही इसका सकारात्मक असर आने वाले दिनों में दिखाई देगा। साथ ही उन्होंने कहा कि निष्ठवान कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकताओं के बदौलत 2025 में विकास-विरोधी ताकतों को हम परास्त करेंगे।

## फिल्म अभिनेता के साथ दुर्व्यवहार निंदनीय- लोजपा ( रामविलास)

**पटना।** लोक जनशक्ति (रामविलास) ने अभिनेताओ को निशाना बनाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट किया है।पोस्ट की जनकारी देते हुये पार्टी के मीडिया प्रभारी निशान मिस्त्र ने देते हुये बताया कि अपनी राजनीतिक लाभ के लिए फिल्म अभिनेताओं को निशाना बनाना कांग्रेस पार्टी का रवैया रहा है। इसके पूर्व में भी कंगना रनौत के साथ कांग्रेस समर्थन वाली महाराष्ट्र सरकार ने बदले की भावना के साथ कार्रवाई की थी।

यह स्थानीय सरकार का दायित्व बनता है कि सुरक्षा के उचित प्रबंध किए जाए ताकि भगदड़ न हो। अपनी जवाबदेही के प्रति सजग न होकर फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन पर सारा दोष मढ़ना ये कतई उचित नहीं है।फिल्म स्टार की उपस्थिति अक्सर भीड़ को आकर्षित करती है, लेकिन इस प्रकार की घटनाओं में सुरक्षा और प्रबंधन की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती है। यदि सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के उचित प्रबंध नहीं किए गए, तो यह प्रशासनिक चूक मानी जानी चाहिए। एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म अभिनेता के साथ किए गए दुर्व्यवहार का लोजपा (रा) निंदा करती है।

## महिला समिति द्वारा कंबल,साबुन तथा सैनिटरी पैड्स का वितरण

**निर्मल महाराज/ बोकारो।** महिला समिति बोकारो की कार्यकारिणी दल बीएसएल के सी. एस.आर. विभाग के सहयोग से बोकारो के समीप स्थित ग्राम गोड़ाबाली में कंबल का वितरण किया. समिति की अध्यक्षा अनिता तिवारी ने ग्रामवासियों को स्वच्छता का महत्व बताया तथा दैनिक जीवन में इसका पालन कैसे हो समझाते हुए समिति द्वारा उत्पादित साबुन के अलावा युवतियों में सैनिटरी नैपकिंस का भी वितरण किया. यह कार्यक्रम गांव के मुखिया तथा बीएसएल सीएसआर के वरीय प्रबंधक नीरज त्रिपाठी की मदद से सुचारू रूप से संपन्न हुआ. ग्रामवासियों ने समिति की सभी सदस्याओं का गीत संगीत तथा फूलों से स्वागत किया. इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष प्रीति शरण,सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, उप कोषाध्यक्ष अंजली, सुरभि प्रभारी अनीशा झा, सदस्यीय समिता मोहंती तथा आशा राज मिश्रा उपस्थित रहीं. समिति भविष्य में भी ऐसे नेक कार्य करने को तत्पर है.

## बीएसएल टाउनशिप के लिए उन्नत प्रणाली की रासायनिक अर्थिंग परियोजना का उद्घाटन

**निर्मल महाराज /बोकारो।** बीएसएल टाउनशिप के लिए रासायनिक अर्थिंग परियोजना का उद्घाटन अधिशासी निदेशक-प्रभारी (मानव संसाधन) राजन प्रसाद के द्वारा किया गया. इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवा) कुंदन कुमार, नगर सेवा विभाग के महा प्रबंधक-प्रभारी (विद्युत) राजुल हरकरनी, महा प्रबंधक (विद्युत) ए एन सिंह, उप महाप्रबंधक डी के सिंह, वरीय प्रबंधक आशुतोष कुमार, परियोजना डिवीजन के उप महाप्रबंधक आर एल मीणा, वरीय प्रबंधक अभिषेक आदित्य तथा अन्य अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे.बोकारो स्टील सिटी में लगभग 250 से अधिक विद्युत सबस्टेशन हैं जहाँ पर 2000 रासायनिक अर्थिंग स्थापित की जाएंगी. बीएसएल में पहली बार उन्नत प्रकार की रासायनिक अर्थिंग प्रतिस्थापित किया जा रहा है. रासायनिक अर्थिंग प्रणाली, विद्युत लाइन और उपकरण के अर्थिंग का बहुत ही प्रभावी तरीका है क्योंकि यह चालकता को बढ़ाता है और विद्युत प्रणालियों के लिए लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा प्रदान करता है. रासायनिक अर्थिंग प्रणाली कम रखरखाव में स्थिर और लंबे समय तक काम करने वाला , अत्यधिक टिकाऊ, जंग रोधी प्रकृति, के साथ पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होता है.

## मंजूबाला पाठक ने नरकटियागंज विधानसभा के मुड़ली में किया नारी न्याय कार्यक्रम

**बाल्मीकि नगर (संवाददाता)।** कांग्रेस नेत्री मंजूबाला पाठक अपने गृह क्षेत्र चंपारण दौरे पर है जहां वो जनता संवाद और कार्यकर्ता संवाद जैसे कार्यक्रमों से पार्टी को मजबूत करने का काम कर रही हैं।

इसी कड़ी में उन्होंने नरकटियागंज विधानसभा के मुड़ली में सैकड़ों महिलाओं के बीच नारी न्याय कार्यक्रम के तहत ₹नारी कीट₹ वितरित किया।साथ ही उन्होंने महिलाओं के लिए पार्टी के विजन की चर्चा की और कांग्रेस के संविधान बचाओं एजेंडा पर भी महिला वोटर्स को जागरूक किया। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और विकास के योजनाओं और प्रयासों के बारे में महिलाओं को बताया। साथ ही



महिलाओं को कांग्रेस से जुड़ने और कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने की अपील की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत भर में महिलाओं के लिए न्याय और समानता सुनिश्चित करने के उद्देश्य की यह एक सशक्त पहल है,उन्होंने कहा महिलाएं परिवार,समाज और देश को गढ़ने का काम करती हैंमंजूबाला पाठक ने इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं को नारी न्याय कीट भी वितरित किया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक बाधाओं को तोड़कर, यह पहल कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करती है,आधी आबादी का आर्थिक आजाद होना ही सही मायनों में देश की तरक्की का रास्ता तय करेगी।जमीनी स्तर की महिला कार्यकताओं की लगन और कड़ी मेहनत का सम्मान करने के लिए, कांग्रेस प्रतिबद्ध है।कांग्रेस नेत्री मंजूबाला पाठक ने महिलाओं को समान भागीदारी देना ही कांग्रेस की सबसे पहली प्राथमिकता है।आपको बताते चले कि विगत कुछ वर्षों से कांग्रेस नेत्री मंजूबाला पाठक ने चंपारण और विशेषकर बगहा और नरकटियागंज में कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया है।

हजारों महिलाओं को कांग्रेस की मुख्यधारा में लाने का काम किया है।पार्टी की नीतियां हो या संविधान बचाओं का नारा।जमीनी स्तर पर इनकी उपयोगिता को सार्थक करने का प्रयास वो लगातार करती आई हैं।

## गुरु गोविंद सिंह जयंती समारोह में सुरक्षा व सफाई को लेकर बैठक

**पटना सिटी (बृजेश गोस्वामी )।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358 वा प्रकाश पर्व को सुरक्षा और सफाई को लेकर रविवार को तख़्त हरमंदिर साहिब प्रवन्धक समिति की एक बैठकअध्यक्ष जगजोत सिंह सोही की अध्यक्षता व महासचिव इंद्रजीत सिंह के संचालन में पदधारकों व सुरक्षा व सफाई कंपनी प्रतिनिधि के साथ बैठक हुई।

बैठक में कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह लख्खा,कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, सचिव हरवंश सिंह,पूर्व महासचिव सरजिंदर सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह,प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, हरजीत सिंह, महाकांत राय, पपींद्रर सिंह के साथ निजी सुरक्षा कंपनी के प्रतिनिधि व निजी साफ सफाई करने वाले कंपनी के प्रतिनिधि व अधिकारी समेत संगत उपस्थित थी. अध्यक्ष व महासचिव ने बताया कि संगत को ठहरने के लिए मालसलामी स्थित ओपीसाह भवन 20 दिसंबर से उपयोग होगा। पटना साहिब भवन दीदारगंज का उपयोग एक जनवरी से होगा । कंगन घाट पर स्थित पर्यटक भवन में आ रही संगत को ठहराया जा रहा है।संगत की सुविधा के लिए ऑन लाइन बुकिंग की जा रही है। इसके लिए टॉल फ्री नंबर जारी हुआ है। इन भवनों में ठहरने वाली संगत के लिए साफ सफाई व सुरक्षा को लेकर यह बैठक हुई है। जिसमें निजी कंपनी के लोगों को शामिल किया गया । प्रकाश पर्व का समारोह तख्त साहिब में चार जनवरी से आयोजित होगा. मुख्य समारोह छह जनवरी को मनेगा. वहीं सात जनवरी को बाललीला गुरुद्वारा में गुरु महाराज का जन्मोत्सव मनाया जायेगा।

## रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स विषय पर एक एकदिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**पटना।** रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय परिसर में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल, कॉमर्स संकाय एवं स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेल के संयुक्त तत्वाधान में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स विषय पर एक एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया साथ हीं रक्त अधिकोष विभाग, एन.एम. सी.एच के द्वारा एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने दोनों हीं कार्यक्रमों की अध्यक्षता की और सभी आयोजकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने एक ओर छात्र-छात्राओं को GST जैसे आर्थिक विषयों पर जानकारी हासिल करने की सलाह दी तो दूसरी ओर वो देश और देशवासियों के प्रति अपनी जिम्मेवारी को रक्तदान द्वारा वो कैसे निभा पाएंगे इसकी भी जानकारी दी और बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। GST से संबंधित कार्यशाला के समन्वयक डॉ अरुण कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष, कॉमर्स संकाय, डॉ सरिता कुमारी, समन्वयक, करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल एवं श्रीमती स्मिता वैदेही, समन्वयक, स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेल रहीं एवं रक्तदान शिविर के समन्वयक डॉ आशीष कुमार, ए.एन.ओ, एन.सी.सी रहें।आई.सी.ए प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अंजनी कुमार ने छात्र- छात्राओं को GST क्यों महत्वपूर्ण है, आम देशवासियों के लिए कैसे उपयोगी होगी, वस्तु और सेवाओं पर GST कैसे लगता है आदि पर चर्चा की।

## ग्रामीण विकास की और से आयोजित सरस मेला का लुत्फ उठा रही पब्लिक

**पटना ( राकेश कुमार)।** गाँधी मैदान में आयोजित सरस मेला में पटना- ऐ बिहार की धरती तुझपर सौ जीवन कुर्बान है ।हाँ हैं बिहारी यही हमारी पहचान नामक यह गीत सशक्त बिहार एवं विकसित बिहार की परिकल्पना को साकार कर रहा है।सरस मेला परिसर में सशक्त महिला ,सशक्त बिहार एवं सशक्त भारतीय संस्कृति ,परंपरा एवं हुनर को परिलक्षित कर रहा हैं। जहाँ देश भर से आई 300 से अधिक महिला उद्यमी लगभग 200 एवं स्वरोजगारी ग्रामीण विकास की गाथा दिखा एवं सुना रहे हैं ' शनिवार को 50 हजार से अधिक लोग मेला में आये।

बिहार सरस मेला ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में जीविका द्वारा 26 दिसंबर 24 तक आयोजित है। सरस मेला में ग्रामीण हस्तशिल्प को प्रोत्साहन एवं बड़ा बाजार दिया गया है ताकि ग्रामीण परिवेश से आने वाली स्वयं सहायता से जुडी महिलाएं अपने अपने प्रदेश के शिल्प को प्रदर्शित एवं बिक्री कर रही हैं ' सरस मेला में खरीद-बिक्री के आंकड़ों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। चौथम प्रखंड में गठित आन्नद जीविका महिला दुग्ध उत्पादक समूह की सचिव सुनीता देवी बताती हैं कि पिज्जा, वर्गर और चाउमीन के इस दौर में लोगों को स्वास्थ्य एवं पोषण के दृष्टिकोण से जागरूक करने एवं देशी तथा पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वो चने की साग, मक्के की रोटी, बाजरे की रोटी , शुद्ध घी के पेढ़ा आदि सीगंतुकों को रूबरू करा रही हैं ' इस कार्य के लिए उन्हें जीविका सेसह्योग एवं मार्गदर्शन मिला है ' सुनीता देवी कोसी जीविका महिला स्वयं सहायता समूह से भी जुडी है।

फन जोन में बच्चे-बच्चियां झूले,घोडा गाडी का आनंद उठा रहे हैं ' सेल्फी जोन में हरु उम्र यादों को तस्वीर में संजो रहे हैं ' पालना घर मेंछोटे-छोटे बच्चों को सौपकर लोग मेला में घूम रहे हैं, खरीददारी कर रहे हैं और लौटते वक्त बच्चों को साथ ले जा रहे हैं । सरस मेला परिसर में सुसज्जित विभिन्न विभागीय एवं बैंको के स्टॉल से आगंतुक सरकारी योजनाओ से लाभान्वित हो रहे हैं ' फटे-पुराने नोट बदलने से लेकर खेत-खतिहान, नक्शा की जानकारी, विभिन्न प्रकार की बीमा की जानकारी, आधार कार्ड , मवेशी पालन और खेती समेत कई प्रकार की जानकारियाँ उपलब्ध कराई जा रही है । मुख्य सांस्कृतिक मंच पर नगर निगम, पटना द्वारा सरस मेला की एक शाम स्वच्छता गीतों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' इस कार्यक्रम के तहत जीरो वेस्ट प्रबंधन सरस मेला को प्रदर्शित किया गया ' स्वच्छता पर आधारित गीत एवं नृत्यों की प्रस्तुति की गई ' इस दौरान नगर निगम के अधिकारी और कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे ' मंच संचालन स्वेता भाष्कर ने किया ।सेमिनार हाल में सामाजिक विकास विधा, जीविका द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित फिल्म लापता लेडिज महिलाओं को दिखाई गई ।अक्षत इवेंट इंटरतेंमेंट द्वारा नाटक, मैजिक शो , लोक गीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई ' बिहार गाथा पर लोक कलाकारों ने लोक नृत्य प्रस्तुत की ' जट-जटीन , झिझिया , झूमर आदि की प्रस्तुति ने दर्शकों को झुमाया ' कलाकारों में राधा, प्रियंका, सलोनी,मधुमिता आदि रही ' मंच संचालन गुलाम सिमनानी ने किया मौके पर जीविका के समन्वयक महुआ राय चौधरी उपस्थित थे।

# साहित्य सम्मेलन में स्मृतिशेष कवयित्री डा सुभद्रा वीरेन्द्र के गजल-संग्रह 'हम सफर' का हुआ लोकार्पण

**पटना।** विदुषी कवयित्री सुभद्रा वीरेंद्र की प्रत्येक रचना में कोई न कोई स्वप्नदर्शी क्षण अवश्य लक्षित होता है। उनके शब्द और संवेदनाएँ पाठकों के हृदय को सहज ही द्रवित करती हैं। वो एक ऐसी तपस्विनी काव्य-साधिका थीं, जिन पर हिन्दी और भोजपुरी भाषाएँ गर्व करती हैं। उनको देखना और सुनना किसी वैदिक-कालीन ऋषिका के मुख से सामवेद की ऋचाओं को सुनने के जैसा पावन हुआ करता था। वो संगीत की एक सिद्धा आचार्या थीं। इसलिए उनके काव्य-पाठ में मर्म-स्पर्शी अनुगूँजभरी भाव-राशि का आनन्द था।यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में स्मृतिशेष कवयित्री डा सुभद्रा वीरेंद्र के गजल-संग्रह 'हम सफर' के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि, नारी-मन की व्यथा की अत्यंत सघन अनुभूति को अभिव्यक्त करती उनकी गजलें नयी पीढ़ी का मार्ग-दर्शन भी करती हैं। उनकी रचनाओं का मूल धर्म उदात्त प्रेम और समर्पण है। उनकी भाव-संपदा कैसी है, उसे उनकी इन पंक्तियों से समझा जा सकता है कि - हमैंने चाहा था तुमसे हँस कर मिलूँ/ पर ये आँसू हमारे छलक ही पड़े !

कवयित्री के विद्वान पति और सुप्रसिद्ध समालोचक प्रो कुमार वीरेंद्र ने कहा कि सुभद्रा जी की इन गजलों, जिन्हें मैंने 'गजलिका' कहा है, में सन्निहित विषय नितान्त वैयक्तिक न होकर सामाजिक स्थिति की वास्तविकताओं की ईमानदार अभिव्यक्ति है। सुभद्रा जी मंच की अत्यंत लोकप्रिय कवयित्री थीं। देश के कोने-कोने से उनको बुलाबा आता था और वो सभी मंचों की शोभा होती थी। यह संग्रह उनकी उन गजलों का है, जिन्हें उन्होंने पन्नों पर लिखकर यत्र-तत्र छोड़ दिया था। उनके निधन के पश्चात उनके बिस्तर के नीचे, रसोई घर के किसी ताखे से उनकी अनेक रचनाएँ प्राप्त हुई हैं, जिनका क्रमशः प्रकाशन किया जा रहा है। इसके पूर्व समारोह का उद्घाटन करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डा सी पी ठाकुर ने कहा कि




सुभद्रा जी के साहित्य में समाज का सभी पक्ष प्रमुखता से आया है। समाज का सारा तबका उनका विषय है। चिकित्सक और चिकित्सा भी। सुभद्रा जी का कंठ अत्यंत मधुर था। उनके शब्द भी मनोहर हैं।

सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, डा प्रेम नारायण सिंह, डा रत्नेश्वर सिंह, डा पुष्पा जमुआर, डा सुमेधा पाठक, कुमार अनुपम तथा सुधा मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। गीत के चर्चित कवि आचार्य विजय गुंजन, वरिष्ठ कवि डा सुनील कुमार उपाध्याय, डा मीना कुमारी परिहार, डा शालिनी पाण्डेय, डा ऋचा वर्मा, डा रेणु मिश्रा, मृत्युंजय गोविन्द, सिद्धेश्वर, डा रमाकान्त पाण्डेय, उत्तरा सिंह, डा आर प्रवेश आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपने गीत और गजलों के मधुर पाठ से आयोजन को तरल और स्पंदित किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन सम्मेलन के प्रबंध मंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

नव शक्ति समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा।
प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# मनोहर करेंगे युवाओ से संवाद, कौशल व आत्मनिर्भरता का देंगे मंत्र



**नई दिल्ली।** युवा शक्ति विकसित भारत का आधार है। इसी आधार को मजबूत करने के लिए केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। मनोहर लाल न केवल युवाओं स संवाद करेंगे, बल्कि उन्हें कौशल और आत्मनिर्भरता का मंत्र देंगे।

रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में 21 दिसंबर को युवा गौरवशाली समारोह का आयोजन होगा। गौरवशाली समारोह में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। समारोह में मनोहर लाल युवाओं को सफलता, कौशलता, आत्मनिर्भरता और उद्यमियता का मंत्र देंगे। इसके साथ ही संविधान की महत्ता और डॉ. अंबेडकर जी के आदर्शों से युवा जुड़ें, इसको लेकर भी मनोहर लाल सीधा संवाद करेंगे। युवा गौरवशाली समारोह की खास बात यह रहेगा कि प्रदेशभर से युवा जुटेंगे, जिसमें युवा उद्यमी, युवा सरपंच, खिलाड़ी शामिल होंगे। एमडीयू रोहतक में संविधान गौरव उत्सव समिति के तत्वाधान में युवा गौरवशाली समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संविधान गौरव उत्सव समिति का उद्देश्य युवा गौरवशाली समारोह के जरिये युवाओं को संविधान के सम्मान और स्वाभिमान को जीवन में आत्मसात कराना है।गौरतलब है कि बतौर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी देकर देशभर में नौकरियां का मिशन मेरिट मॉडल तैयार किया था, जिससे आज देश के कई राज्य अपना चुके हैं। इसके साथ ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया और युवा उद्यमी तैयार किए गए, जो युवाओं के लिए प्रेरणा साबित हुए। युवा गौरवशाली समारोह के संयोजक तथा केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया बताते हैं कि युवा गौरवशाली समारोह को लेकर युवाओं में उत्साह है और मनोहर लाल के प्रति युवाओं में क्रेज है। गौरवशाली समारोह की तैयारियों को लेकर उनका जिलों में जनसंपर्क अभियान जारी है। जनसंपर्क अभियान के दौरान युवाओं को युवा गौरवशाली समारोह का न्यौता दिया जा रहा है, जिसमें पहुंचने के लिए हर युवा उत्साहित है।

युवाओं का मानना है कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मिशन मेरिट मॉडल से उनके सपनों को उड़ान मिली है।

खास बात यह है रोहतक में आयोजित होने वाले युवा गौरवशाली समारोह की तैयारियों का जिम्मा खुद युवाओं की टीम संभाल रही है। जिला स्तर पर संविधान गौरव उत्सव समिति की टीमें गांवों में पहुंचकर युवाओं से युवा समारोह का न्यौता दे रहे हैं।

# संकल्प इंग्लिश स्कूल में हर्षोल्लास से साई भंडारा आयोजित



**ठाणे।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संकल्प इंग्लिश स्कूल द्वारा दत्त जयंती के अवसर पर साईं भंडारा का आयोजन किया गया.संकल्प इंग्लिश स्कूल के सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने साईं भंडारा के लिए स्कूल में जोरदार तैयारी की थी.जैसे ही स्कूल के प्रवेश द्वार में दाखिल होने पर आकर्षित साईं की सुंदर मूर्ति और सुंदर रंगोली सबका ध्यान आकर्षित करती है.साईं भंडारे की शुरूआत साईं पूजा और होम-हवन से हुई, स्कूल विश्वस्त अर्जुन परब और सुगंधा परब के साथ स्कूल के संस्थापक डॉ. राज परब और संस्थापक-प्रिंसिपल डॉ. ज्योति परब ने पूजा की. इसके अलावा स्कूल के सभी वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं को पूजा और होम हवन करने का अवसर प्रदान हुआ. सभी शिक्षिकाओं ने पारंपारिक नऊवारी पहनी थी.उन्होंने मंगलागौर कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई. बताया जाता है साईं भंडारा का यह 17 वां वर्ष है. उक्त अवसर पर समाजसेवक माणिक पाटिल सर व श्रीमती जयश्रीताई भोईर, पूर्व नगरसेवक दिलीप बारटक्के , जी . पी. पारसिक बँक के सेवानिवृत्त मॅनेजर अशोक नाईक, महाराष्ट्र पत्रकार संघ के सभी पदाधिकारी, सीआरसी प्रमुख, आर. एस. पी.के विभागीय समादेशक मणीलाल शिंपी सर,वर्तक नगर पुलिस स्टेशन के वाघचौरे सर,शिक्षक सेना के गोकुल पाटिल , कालेकर सर, गोसावी सर सहित आदि गण मान्य लोग उपस्थित थे.

## डीजल टैंकर में लगी आग फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू

**दुमका / प्रियव्रत झा।** गोपीकांदर स्थित जीतपुर मोड़ के समीप खड़ी एक डीजल टैंकर से अचानक आग की लंबी लंबी लपटे उठने लगी। संयोगवश इस आगजनी में टैंकर के सिवाय किसी को जान माल की क्षति नहीं पहुंची। बताया गया कि आग इतनी भयंकर थी कि क्षण भर में डीजल टैंकर धू-धू कर जल गई। इसी बीच गोपीकांदर थाना पुलिस ऑफिसर इंचार्ज रंजीत मंडल के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने के लिए युद्ध स्तर पर जुट गए लेकिन कामयाबी नहीं मिली । बाद में फायर ब्रिगेड की मदद से आज पर काबू पाया जा सका। वही थाना प्रभारी ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अनुसंधान के पश्चात आग लगने के कारणों का खुलासा किया जा सकता है। विदित हो कि यह डीजल टैंकर भारत पेट्रोलियम पंप से तेल लेकर गोपीकांदर के छोटा बाथन इंटरप्राइजेज के पास जा रहा था जो रास्ते में आग की भेंट चढ़ गया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा JSSC-CGL परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच अपराध अनुसंधान विभाग को सौंपना सराहनीय कदम है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए



**रांची( संवाददाता)।** उपरोक्त बाते आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा JSSC-CGL परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच अपराध अनुसंधान विभाग को सौंपे जाने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही । इनहोने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का सराहनीय कदम है जिसका मंच स्वागत करता है और आशा व्यक्त करता है कि कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग मुख्य मंत्री के निदेशों का पालन सख्ती ढंग से करेगा और शिकायतों को गंभीरता से लेकर हर पहलु और हरेक बिन्दु पर इसकी जांच करेगी ।

श्री नायक ने आगे कहा कि जब तक जांच पुरी नही होती तब तक JSSC-CGL परीक्षा के परिणामो को स्थगित किया जाए और नियुक्ति की दिशा मे कोई कार्रवाई नही किया जाए ।इन्होने आगे यह भी कहा कि जांच की समयसीमा भी तय हो और जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट देने की अनिवार्यता हो ताकि बेरोजगार अभ्यर्थियों का समय बेकार ना हो और JSSC-CGL परीक्षा प्रकरण का पटाक्षेप हो कर सबको न्याय मिल सके ।

श्री नायक ने यह भी कहा कि पेपर लिक होने की घटना को रोकने की दिशा मे झारखंड सरकार एक मजबुर रणनीति बना कर उस पर कार्य करे ताकि झारखंड मे बराबर लग रहे पेपर लिक कलंक को धोया जा सके और युवाओ को भयमुक्त होकर परीक्षा दे मेघा का शोषण ना हो गरीब से गरीब मेधावी अभ्यर्थी छात्र निष्कलंक परीक्षा देकर पास हो सके और विवादारहित परीक्षा का संचालन हो सके ।

## मणिपुर की घटना को लेकर 18 को करेगी राजभवन मार्च

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों ने भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और छल की कथित जालसाजी का पदार्फाश करने एवं मणिपुर की घटना को लेकर आगामी 18 दिसंबर 2024, बुधवार को कांगेस भवन, रॉची से पूर्वाह्न 11:30 बजे राजभवन मार्च का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मंत्रीं, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों, अग्रणी संगठन, विभाग, प्रकोष्ठों की व्यापक भागीदारी अपेक्षित है, जो लोकतंत्र में जवाबदेही और न्याय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को फिर से पुष्ट करने के लिए अत्यावश्यक है। श्री सिन्हा ने बताया कि हाल ही में गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों ने भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और छल की कथित जालसाजी का पदार्फाश किया है। इन आरोपों ने रिश्वतखोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और बाजार में हेरफेर के एक परेशान करने वाले पैटर्न को उजागर किया है, जो भारतीय व्यापार और वित्त की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं। यह घटना भारत में कॉरपोरेट गवर्नेंस और नियामक निगरानी के संबंध में गंभीर चिंताएँ उत्पन्न करती है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के बीच विश्वास की हानि चिंताजनक है। पूंजी के संभावित पलायन से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और समग्र विकास बाधित हो सकता है। इसके अलावा, सरकार द्वारा संसदीय चर्चा को जानबूझकर रोकना और इस मुद्दे पर मौन रहना जिम्मेदारी और जवाबदेही से बचने का एक चिंताजनक संकेत है।मणिपुर निरंतर हिंसा, गोलीबारी, कर्फ्यू और व्यापक अराजकता के एक अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है। कई लोगों की जानें चली गई हैं और नागरिक एक अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं। संकट की गंभीरता के बावजूद, केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार इस स्थिति को संबोधित करने या इसे कम करने में पूरी तरह विफल रही है। हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री ने अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं किया है।

# धानीवरी व धुंदलवाड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित





**पालघर।** पालघर जिला परिषद के अध्यक्ष प्रकाश निकम, विधायक विनोद निकोले, कृषि व पशुपालन समिति सभापति संदीप पावड़े, सभापति प्रवीण गवली, जिला परिषद सदस्य काशीनाथ चौधरी, सतीश करबट, शैलेश करमोडा की विशेष उपस्थिति में दहानु तहसील के धानीवरे और धुंदलवाड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेतु भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। बता दें कि स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ ग्रामीण भी कई वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए प्रयास कर रहे हैं और पिछले साल इन दोनों स्वास्थ्य केंद्रों को मंजूरी मिली थी। इसी के तहत भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय आरोग्य अभियान पालघर जिला एकीकृत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पालघर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला परिषद एकीकृत स्वास्थ्य परिवार कल्याण सोसायटी पालघर द्वारा प्रदत्त अधिकार का उपयोग करते हुए इस स्वास्थ्य केंद्र को प्रशासनिक मंजूरी दी गई है। दोनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को 1 करोड़ 43 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी संतोष चौधरी ने बताया कि यह उपकेंद्र छह माह में बनकर तैयार हो जायेगा और अगले जून माह तक लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा कक्ष, औषधि निर्माण अधिकारी कक्ष, महिला कक्ष, पुरुष कक्ष, प्रयोगशाला, आपातकालीन कक्ष, कैंटीन आदि कक्षों का निर्माण किया जायेगा।

इस स्वास्थ्य केंद्र का लाभ क्षेत्र के गांवों के निवासियों को मिलेगा। धानिवरी गांव की आबादी 14,750 है और इसमें 2 ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जबकि धुंदलवाड़ी की आबादी 55,000 है और इसमें 11 ग्राम पंचायतें शामिल हैं।

जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम ने जोर देकर कहा कि इससे इस क्षेत्र के ग्रामीण लोगों को फायदा हो सकता है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, जमीन मालिक, उपसरपंच, ग्रामसेवक, पुलिस पाटील, चिकित्सा अधिकारी के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी समेत अनेक ग्रामस्थ उपस्थित थे।

# चांदीवली में विधायक दिलीप लांडे के नेतृत्व में बांग्लादेश के विरोध में हुआ आंदोलन



**मुंबई।** पिछले कुछ दिनों से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अन्याय और अत्याचार और हिंदू मंदिरों को तोड़े जाने के विरोध में संपूर्ण देश में आंदोलन किया जा रहा रहा है। इसी कड़ी में शिवसेना के प्रमुख नेता पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश पर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ रविवार 15 दिसंबर को चांदीवली विधानसभा में शिवसेना विधायक दिलीप लांडे के नेतृत्व में जोरदार आंदोलन किया गया।

बता दें कि बांग्लादेश के विरोध में शिवसेना विधायक दिलीप लांडे की प्रमुख उपस्थिति में साकीनाका जंक्शन स्थित पाइपलाइन जगन्नाथ मंदिर से हिंदू भाई-बहनों की एक भव्य रैली निकाली गई।. इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा शिवसैनिकों के साथ ही हिंदू समाज के लोगों ने विरोध रैली में हिस्सा लिया।. इस अवसर पर शिवसेना विधानसभा प्रमुख अशोक माटेकर, उपविभाग प्रमुख सागर तुलसकर, राजू पाटिल, पूजा गावड़े, शाखा प्रमुख नितिन गोखले, शैलेश निंबालकर, शिवाजी सूर्यवंशी, नितिन चव्हाण, अजय कांबले, सुशील जाधव, मंगेश सकपाल, बाबू मोरे, महिलाशाखा प्रमुख स्वेता मसुरकर, सीमा कांबले व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान विधायक दिलीप लांडे ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अन्यायपूर्ण अत्याचार और हिंदुओं के मंदिरों के विरोध में शिवसेना प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे के आदेश पर चांदीवली विधानसभा के हिंदू भाई एकजुट होकर आज सड़कों पर उतर आए हैं। पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। हिंदू मंदिरों को नष्ट किया जा रहा है। हिंदुओं की इस एकजुटता का बांग्लादेश को पता चले और वहां हिंदुओं पर अत्याचार तुरंत बंद हो। इस रैली में विरोध प्रदर्शन कर बांग्लादेश की कड़े शब्दों में निंदा की गई।. बांग्लादेश मुदार्बाद , हिंदू के सम्मान में दिलीप लांडे मैदान में, जागो जागो हिंदू जागो, जय श्री राम, जय श्री राम ओर भारत माता की जय के नारे लगाए गए।

## हर्षोल्लास से मना हजरत नूरी बाबा का 101वां उर्स मुबारक कार्यक्रम



**ठाणे।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार 14 दिसंबर को बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया हजरत नूरी बाबा का 101वां उर्स मुबारक कार्यक्रम. इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं

ने हजरत नूरी बाबा दरगाह माथा टेक कर आशीवीद प्राप्त किए । बता दें कि, हजरत नूरी बाबा का जन्म वर्ष 1923 में हुआ था। ठाणे मखमली तालाब के पास स्थित हजरत नूरी बाबा का दरगाह है। जहां पर हिंदू - मुस्लिम के अलावा अन्य समाज बड़ी आस्था के साथ माथा टेकते है। हजरत नूरी बाबा का 101वां उर्स मुबारक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई थी। जिसका लाभ बड़ी तादाद में दरगाह में माथा टेकने आए श्रद्धालुओं ने उठाया। दरगाह प्रबंधकों की ओर से हजरत नूरी बाबा के 101वां उर्स में अपनी उपस्थिति दर्ज करने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## समता विद्या मंदिर स्कूल के छात्र तन्मय थिटे ने कराटे प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**मुंबई।** साकीनाका के समता विद्या मंदिर स्कूल, के छात्र तन्मय संदेश थिटे ने 13वें फेडरेशन स्पोर्ट कप जीत कुन डू चैंपियनशिप ठाणे 2024 कराटे टूर्नामेंट में बेस्ट फाइटर अंडर 10 में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में 175 प्रतियोगियों ने भाग लिया। इससे पहले भी तन्मय थिटे कराटे में अनेक पुरस्कार हासिल कर चुके हैं।उनके कोच संदेश थिटे हैं और उन्होंने कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। जित कुन डू चैंपियनशिप 2024 का आयोजन राजेंद्र कुमार गिहारा द्वारा ठाणे के सिडको समाज हॉल में किया गया था, इस टूनामेंट में तन्मय थिटे ने सर्वश्रेष्ठ फाइटर के रूप में स्वर्ण पदक जीता। तन्मय थिटे को स्कूल के सचिव राजेश सुभेदार ने सन्मानित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईएमए हाउस में कैंसर को लेकर जनजागरण अभियान आयोजित



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 31 स्थित आईएमए हाउस में शनिवार को कैंसर के प्रति जागरूकता को लेकर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन नोएडा में दीप उत्सव की अलख जगाने वाले युवा विकास शर्मा की प्रथम भावपूर्ण स्मृति दिवस पर समाजसेवी त्रिलोक शर्मा द्वारा आयोजित किया गया इस गोष्ठी में मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर अतुल शर्मा डॉ रोहन सिन्हा व डॉ अभिषेक गुलिया ने केंसर की गम्भीर बीमारी को लेकर लोगों के संशय दूर किये।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ अभिषेक गुलिया ने बताया कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी प्रोस्टेट जांच जरूर करानी चाहिए।

ब्रेन ट्यूमर के विशेषज्ञ डॉक्टर रोहन सिन्हा ने कहा कि किसी भी मरीज के स्वस्थ होने के लिए सबसे पहले उनके परिवार का सकारात्मक होना बहुत जरूरी है अगर आप परिवार के सदस्य के रूप में अपने मरीज का साथ देंगे तो मरीज मानसिक रूप से स्वस्थ रहेगा डर रोहन सिन्हा ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर अन्य कैंसर की तरह स्टेज में नहीं होता। यह ग्रेड में होता है। डॉ अतुल शर्मा ने बताया कि कैंसर की सर्जरी में अभी आई की भूमिका उतनी महत्वपूर्ण नहीं है जितनी डायग्नोस्टिक सिस्टम में है आने वाले दिनों में आई की भूमिका बढ़ेगी इसमें कोई संदेह नहीं है।इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव प्रशांत कुमार मिश्रा, पूर्व आईएएस गणेश शंकर त्रिपाठी व विमल शर्मा, डॉ वी पी सिंह, नोएडा लोकमंच के महासचिव महेश सक्सेना, नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव नोएडा विधायक पंकज सिंह के भाई अनिल सिंह, राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री जोगेंद्र सिंह अवाना, डीडीआरडब्लूए के अध्यक्ष एनपी सिंह, शहीद शशिकांत शर्मा की माता सुदेश शर्मा व पिता फ्लाइट लेफ्टिनेंट जे पी शर्मा, फोनरवा के महासचिव के के जैन, रोटरी क्लब नोएडा. अध्यक्ष डॉ मोहिता शर्मा सचिव अल्का चोपडा रोटेरियन सुधीर मिढढा प्रेम चोपडा राम ग्रोवर दीपक भार्गव अशोक मनचंदा सुनील महाजन अनिल मित्तल

महेंद्र अवाना, राम अवतार शास्त्री, सुरेश शर्मा, सचिन अम्बावता, रविदत्त वर्मा, हरीश त्रिपाठी, रविकांत मिश्रा , राजकुमार गर्ग, अजय बाटला, राम रतन शर्मा, आर के शर्मा, खजान दीक्षित, अवधेश शर्मा, विनोद शर्मा व संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन अशोक श्रीवास्तव ने किया।

### सूरजपुर पुलिस द्वारा बच्चे को तलाश कर परिजनों को किया सुपुर्द



**नोएडा।** थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चे को सकुशल तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। रविवार को थाना सूरजपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि एक बच्चा उम्र करीब 03 वर्ष निवासी कस्बा सूरजपुर कही गुम हो गया है जो काफी तलाश करने पर भी नही मिल रहा है।

उक्त सूचना प्राप्त होते ही थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा अथक प्रयास करते हुए आस-पास के सीसीटीवी कैमरे चेक किये गये तथा स्थानीय लोगो की सहायता से बच्चे को ढूंढने का प्रयास किया गया। काफी तलाश करने के उपरांत थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा बच्चे को सकुशल तलाश कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया तथा बच्चे को उपहार भी दिया गया। बच्चे के परिजनों द्वारा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए प्रशंसा की गयी।